Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding issues pertaining to Railways in Kurukshetra Parliamentary Constituency.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र) : माननीय अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । आपने मुझे मेरे लोक सभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र की एक अति महत्वपूर्ण समस्या को शून्य काल में उठाने का अवसर दिया है । मेरे कुरुक्षेत्र शहर के अंदर मोहन नगर और बिशनगढ़ में बहुत घनी आबादी हो गई है । वहां सरस्वती नदी के पास मेन लाइन है, जो अम्बाला और दिल्ली को जोड़ती है । उसके पास एक पुल है, उस पुल के नीचे से लोग आवागमन करते हैं । वहां बरसात में लोगों को काफी समस्या होती है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि उस पुल के नीचे अंडरपास बनाने की स्वीकृति दी जाए, सड़क बनाई जाए, ताकि वहां के लोगों की समस्या का समाधान हो सके ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके सामने एक और समस्या रखना चाहता हूं । कुरुक्षेत्र एक धार्मिक नगरी है, वहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं । मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि एकता एक्सप्रेस, जो पूरे हरियाणा में चलती है, भिवानी से रोहतक, गोहाना, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़, कालका तक चलती है । वहां दो पीजीआई पड़ते हैं । हजारों की संख्या में उस ट्रेन से कर्मचारी सफर करते हैं । वह कोविड काल में बंद हो गई थी । मेरा निवेदन है कि गाड़ी नम्बर 14795 और 14796 को पुन: चालू किया जाए, क्योंकि अब ऑफिस और कारखाने 100 प्रतिशत कर्मियों के साथ खुलने शुरू हो गए हैं । इससे वहां के लोगों की आवागमन की समस्या का समाधान हो सके ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि एक लोकल गाड़ी, अम्बाला-दिल्ली सवारी गाड़ी है । गाड़ी का नम्बर 64452 एवं 64532 है, जो कुरुक्षेत्र-अम्बाला सवारी गाड़ी है । गाड़ी नम्बर

64547 और 64546 अम्बाला-पानीपत सवारी गाड़ी 64542 व 64543, इन सभी गाड़ियों को भी चालू किया जाए।